# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20-5-26 | 5 | 7-8 |

## हकृवि के कुलपति सहित अन्य अधिकारी पैदल पहुंचे कार्यालय



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित अन्य अधिकारी अपने आवास से कार्यालय जाते हुए • पीआरओ

जासं • हिसार : पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई अपील के उपरान्त चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचे। प्रो. काम्बोज ने कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.5.26 | 4 | 5-6 |

# वीसी ने पैदल कार्यालय पहुंचकर दिया ईंधन बचत-पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## एचएयू में प्रत्येक शुक्रवार को नो व्हीकल डे रहेगा



कार्यालय जाते कुलपति प्रो. काम्बोज सहित अन्य अधिकारी। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के कई अधिकारियों ने मंगलवार को अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वीसी ने कहा कि वाहनों के स्थान पर पैदल और साइकिल का उपयोग बढ़ाएं व सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें। यह पहल न केवल ईंधन बचाएगी बल्कि आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारी और कर्मचारी साइकिल या पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है ताकि ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंच सके। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20-5-26 | 4 | 3-5 |

# हकृवि कुलपति प्रो. काम्बोज सहित अन्य अधिकारी पैदल पहुंचे कार्यालय



*कुलपति प्रो. काम्बोज सहित अन्य अधिकारी अपने आवास से क्रार्यालयों में आते हुए।*

हिसार, 19 मई (ब्यूरो): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की उई अपील के उपरान्त चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा पैदल कार्यालय पहुंचने की यह पहल न केवल ईंधन की बचत करेगी, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है। इसकी जगह इलेक्ट्रिक वाहनों, सार्वजनिक परिवहन या साइकिल को बढ़ावा देने को कहा गया है। यदि पेट्रोल-डीजल गाड़ी लाना जरूरी हुआ, तो कार पुलिंग साझा करने को प्राथमिकता दें। साथ ही, अधिकारियों को अधिकतम बैठकों का आयोजन ऑनलाइन अथवा हाइब्रिड माध्यम से करने के लिए कहा गया है। विशेष रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से साइकिल अथवा पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है, ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सके।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 20.5.26 | 12 | 3-6 |

## ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# हकृवि कुलपति व अधिकारी पैदल पहुंचे दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई अपील के उपरान्त एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा पैदल कार्यालय पहुंचने की यह पहल न केवल ईंधन की बचत करेगी,, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। कुलपति ने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर देशहित में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार एवं आम नागरिकों से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।

### पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है। इसकी जगह इलेक्ट्रिक वाहनों, सार्वजनिक परिवहन या साइकिल को बढ़ावा देने को कहा गया है। यदि पेट्रोल-डीजल गाड़ी लाना जरूरी हुआ, तो कार पुलिंग साझा करने को प्राथमिकता दें। साथ ही, अधिकारियों को अधिकतम बैठकों का आयोजन ऑनलाइन अथवा हाइब्रिड माध्यम से करने के लिए कहा गया है। विशेष रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से साइकिल अथवा पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है, ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सके।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 20.5.26 | 8 | 7-8 |



कुलपति प्रो. काम्बोज सहित अन्य अधिकारी अपने आवास से कार्यालयों में आते हुए।

# हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज सहित अन्य अधिकारी आज पैदल पहुंचे कार्यालय

हिसार, 19 मई (विरेन्द्र वर्मा): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई अपील के उपरान्त चौधरी चरण सिंह हरियाण्पा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार एवं आम नागरिकों से भी अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने की अपील की। विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता अभियानों को जारी रखने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है। विशेष रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से साइकिल अथवा पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है, ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सके।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ-छोर | 19.05.2026 | -- | -- |

# कुलपति व अनेक अधिकारी पैदल पहुंचे ऑफिस

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 19 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का



संदेश दिया। प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा पैदल कार्यालय पहुंचने की यह पहल न केवल ईंधन की बचत करेगी, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। कुलपति ने कहा कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव लाकर देशहित में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 19.05.2026 | -- | -- |

# कुलपति प्रो. काम्बोज व अधिकारी पैदल पहुंचे कार्यालय

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत तथा ऊर्जा संरक्षण को लेकर की गई अपील के उपरान्त चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज सहित विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों ने आज अपने आवास से कार्यालय तक पैदल पहुंचकर ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रो. काम्बोज ने शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे ईंधन की बचत करने के लिए आगे आएं और वाहनों के स्थान पर साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें। इसके तहत उन्होंने सार्वजनिक परिवहन के वाहनों का उपयोग करने पर जोर दिया है। वर्तमान समय में ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा पैदल कार्यालय पहुंचने की यह पहल न केवल ईंधन की बचत करेगी, बल्कि आमजन को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।



कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने एक पत्र जारी कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेट्रोल-डीजल वाहनों से बचने की सलाह दी है। इसकी जगह इलेक्ट्रिक वाहनों, सार्वजनिक परिवहन या साइकिल को बढ़ावा देने को कहा गया है। यदि पेट्रोल-डीजल गाड़ी लाना जरूरी हुआ, तो कार पुलिंग साझा करने को प्राथमिकता दें। साथ ही, अधिकारियों को अधिकतम बैठकों का आयोजन ऑनलाइन अथवा हाइब्रिड माध्यम से करने के लिए कहा गया है। विशेष रूप से प्रत्येक शुक्रवार को अधिकारियों एवं कर्मचारियों से साइकिल अथवा पैदल विश्वविद्यालय आने का अनुरोध किया गया है, ताकि ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचाया जा सके।